
तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 10 अप्रैल 2025

14 माता भक्त कर्मा का जीवन हम सभी को मार्गदर्शन..


12 सेल का उत्पादन बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा ...




## खबर संक्षेप

### गुरुर में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली जाएगी बाइक रैली

**गुरूर**। दक्षिणमुखी सिद्ध हनुमान मंदिर बाजार चौक गुरुर द्वारा रामचरनानुरागी भक्त शिरोमणि हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पंडित ओमप्रकाश शर्मा, विवेक शर्मा, वैभव शर्मा ने बताया कि प्रातः 9:30 बजे पूजा अर्चना की जाएगी। दोपहर 2 बजे से श्री राम कीर्तन उसके बाद दोपहर 3 बजे बाइक रैली निकाली जाएगी।

### जोरातराई आर में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं हनुमंत कथा आज से

**बालोद/कलंगपुर**। प्रज्ञा मंडल एवं समस्त ग्रामवासी जोरातराई आर के तत्वावधान में 10 अप्रैल से 14 अप्रैल तक पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं हनुमंत कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक परमानन्द युग पुरोहित नव युग चेतना केन्द्र फिंगेश्वर गरियाबंद होंगे। 10 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। शाम को अतिथियों का स्वागत एवं संक्षिप्त उद्बबोधन होगा। उसके बाद 11 से 13 अप्रैल तक गायत्री महायज्ञ एवं हनुमंत कथा का आयोजन होगा। अंतिम दिवस 14 अप्रैल को सुबह 7 बजे से पुंसवन मुंडन, नामकरण, विद्यारंभ, दीक्षा एवं यज्ञोपवित संस्कार होंगे।

### भारतीय किसान संघ की बैठक आज

**बालोद**। भारतीय किसान संघ जिला बालोद की मासिक बैठक गंगा मैया प्रांगण झलमला में 10 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे रखी गई है। बैठक में भारतीय किसान संघ जिला बालोद के समस्त पदाधिकारियों एवं किसान व सभी तहसीलों के पदाधिकारियों एवं सभी किसानों एवं समस्त गन्ना उत्पादक किसान संघ जिला बालोद के पदाधिकारियों व किसानों को आमंत्रित किया गया है। भारतीय किसान संघ जिला बालोद अध्यक्ष सांवत राम साहू ने बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। साथ ही गन्ना का मूल्य नहीं बढ़ाने पर धरना प्रदर्शन करने के संबंध में चर्चा कर रणनीति बनाई जाएगी और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### धनोरा में हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा 12 को



**अंडा**। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में 12 अप्रैल को शाम 4 बजे से बाजे-गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार शोभायात्रा दरबार से निकल कर बजरंग पारा बाजार चौक मेनगली शीतला पारा कर्मा चौक होते हुए गौरा चौक बम्लई पारा गोल्डन चौक होते हुए महावीर उद्यान पहुंचेगी। वहां गदाधारी हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर ध्वज चढ़ाया जाएगा। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि शाम 4 बजे से महावीर उद्यान में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रात्रि 10 बजे से हेमलाल कौशल कृत सांस्कृतिक कार्यक्रम राग अनुराग की प्रस्तुति होगी।

### सूने मकान में चोरी

**भिलाई**। सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 305,331(4) के तहत जूर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि जोन 3 सेक्टर 11 खुर्सीपार निवासी ए. सत्या राव का परिवार 21 जनवरी को मकान में ताला जड़कर अपने नाती ए.जानवी के जन्मदिन मनाने हाउसिंग बोर्ड गए थे।

# मनरेगा से जिले ने बनाई अलग पहचान, कुल लक्ष्य का 113 प्रतिशत दिया रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत बालोद जिले ने अपनी अलग पहचान बनाई है। जिले में मनरेगा अंतर्गत शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले के कुल लक्ष्य का 113 प्रतिशत रोजगार प्रदान किया गया।

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मागदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे के निर्देशन में जिला ने यह उपलब्धि प्राप्त की है। डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों का लगातार क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मनरेगा अंतर्गत शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले का कुल लक्ष्य 41.85 लाख मानव दिवस था। जिसके विरूद्ध 47.27 लाख मानव दिवस रोजगार का सृजन किया गया, जो लक्ष्य का 113 प्रतिशत उपलब्धि है। ग्रामीण अंचलों में रोजगार देने का सिलसिला वनांचल क्षेत्र से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक लगातार जारी है। ग्रामीणों को अधिक से अधिक रोजगार के साधन गांव में ही प्राप्त हुए। सीईओ डॉ.कन्नौजे ने बताया कि जिले में पंजीकृत महिलाओं को सर्वाधिक रोजगार मिला है। इसके अंतर्गत जिले में पंजीकृत 1.15 लाख ग्रामीण महिलाओं को 32.64 लाख मानव दिवस सृजित कर रोजगार उपलब्ध कराते हुए उनकी आजीविका में वृद्धि हुई है, जो कि प्रदेश में महिलाओं को रोजगार देने में तीसरे पायदान पर है। इसके साथ ही दिव्यांग श्रमिकों को रोजगार ▸▸| शेष पेज 13 पर

## वित्तीय वर्ष 2024-25 में 47.27 लाख मानव दिवस रोजगार का किया गया सृजन

### योजना के तहत किए गए ये कार्य

सीईओ जिला पंचायत डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि अमृत सरोवर निर्माण, डबरी निर्माण, नया तालाब निर्माण, नाली निर्माण, पहुंच मार्ग, पशु शेड के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में मजदूरी का कार्य एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत अभिसरण जैसे अनेक कार्य इस योजना में हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका संवर्धन के लिए सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास मे महात्मा गांधी नरेगा योजना की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बालोद जिला इस योजना के क्रियान्वयन में लंबे समय से अग्रणी बना हुआ है। अधोसंरचना विकास के साथ आजीविका संवर्धन के लिए इस योजना से अनेक कार्य हो रहे हैं।



- प्रदेश में महिलाओं को रोजगार देने में जिला तीसरे पायदान पर
- प्रदेश में दिव्यांग श्रमिकों को रोजगार देने में आठवें स्थान पर है बालोद जिला

### 99.10 प्रतिशत मजदूरों को समयबद्ध मजदूरी का भुगतान

सीईओ डॉ. कन्नौजे ने बताया कि मनरेगा अंतर्गत श्रमिकों को समयबद्ध मजदूरी भुगतान भी किया गया है। मनरेगा अंतर्गत श्रमिकों को 15 दिवस के भीतर मजदूरी भुगतान किये जाने का प्रावधान है जिसके अनुरूप बालोद जिले में श्रमिकों को मजदूरी भुगतान उनके बैंक खातों में आधार बेस्ड के माध्यम से सीधे जारी किया गया है। समयबद्ध मजदूरी भुगतान का प्रतिशत जिले में 99.10 है, जो कि प्रदेश में तीसरे पायदान पर है। इसके अलावा प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन संबंधी कार्यों में व्यय का प्रतिशत शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 65.38 ▸▸| शेष पेज 13 पर

## विडंबना : ग्राम पंचायत बोड़रा में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की मची होड़

# जिम्मेदार एक दूसरे पर डालते रह गए जिम्मेदारी

# अतिक्रमण की भेंट चढ़ गए नदी, तालाब, चारागाह





हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

ग्राम पंचायत बोड़रा क्षेत्र के पटवारी का कहना है कार्यवाही पंचायत कर रही है, पंचायत कहती है सचिव हड़ताल पर है, सचिव के बिना कुछ नहीं हो सकता। नतीजा यह हुआ कि गांव में सरकारी जमीन पर कब्जा करने की होड़ मच गई है। पूर्व पंच के साथ वर्तमान में पंच भी बेखौफ होकर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर रहे हैं।

कार्रवाई के अभाव में ग्राम बोड़रा की सरकारी भूमि पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा हो रहा है। अतिक्रमणकारियों ने ग्राम के बाजार क्षेत्र, बस स्टैण्ड, चारागाह, गौठान, सरार यहां तक कि नदी के पार पर भी कब्जा कर लिया है। अतिक्रमणकारियों ने पंचायत द्वारा बनाई गई पचरी को भी नहीं छोड़ा। पचरी पर ही कब्जा कर दुकान बना लिया।

### पंचायत करेगी कार्रवाई

मामले में पटवारी इन्द्रजीत कंवर ने कहा कि 13 लोगों के खिलाफ मामला चल रहा है। कार्रवाई पंचायत के माध्यम से होगी।

## कब्जाधारियों ने नाली, तालाब की पचरी और नदी के किनारों को भी नहीं छोड़ा



### पंच ने जल निकास मार्ग पर किया कब्जा

एक वर्तमान पंच ने तो बरसात के पानी की परंपरागत निकासी मार्ग पर ही कब्जा कर पक्का ढांचा खड़ा कर लिया। हालांकि, उसने थोड़ी जिम्मेदारी का परिचय देते हुए पानी निकासी के लिए अपने कब्जे वाले क्षेत्र में ढांचे के नीचे नाली जरूर बना दी है। लेकिन, ग्रामीण कहते हैं कि पानी का बहाव अधिक रहता है। नाली छोटी है पानी ग्रामीणों के घरों में घुसेगा। वहीं, तीन लोगों ने तो नदी किनारे ही कब्जा कर पक्का दुकान बनाकर दुकानदारी भी शुरू कर दी है। हालांकि इस दुकान के बाढ़ की चपेट में आकर टूटने की आशंका अधिक है, क्योंकि जल्द से जल्द निर्माण की मंशा से मजबूत आधार के बिना, दिन रात काम कर, कुछ ही दिनों में पूरी दुकान बना दी गई। इससे बरसात के मौसम में जान-माल की हानि की आशंका रहेगी।

### चारागाह की एक एकड़ जमीन पर कब्जा, मकान बनाकर रहने भी लगे

पंचायत ने ग्राम के सरार में 6 साल पूर्व पक्की पचरी बनवाई थी। उस पर भी कुछ लोगों ने कब्जा कर दुकान बनाकर दुकानदारी शुरू कर दी है। इसी तरह ग्राम के चारागाह क्षेत्र में एक व्यक्ति ने तो लगभग एक एकड़ क्षेत्र में कब्जा कर लिया। पक्का ढांचा भी बना लिया और उसमें रहने भी लगे हैं। कुछ लोगों ने गौठान क्षेत्र की सरकारी भूमि पर भी पक्का मकान बना लिया है। यह सब बीते तीन माह में ही हुआ है।


### सचिव हड़ताल पर हैं, कुछ नहीं कर सकते

सरपंच टिकेश्वरी सिन्हा ने कहा कि पूर्व में कुछ लोगों को नोटिस जारी किया गया है। बिना पंचायत बैठक के अकेले कोई निर्णय नहीं लूंगी। सचिव हड़ताल पर हैं, इसलिए हम कुछ नहीं कर सकते।

### कब्जे से मुक्त कराई जाए जमीन

ग्राम विकास समिति अध्यक्ष नेतराम साहू ने कहा कि ग्राम में दर्जनों लोगों ने तालाब, सरार, गौठान, नदी, चारागाह पर कब्जा कर लिया है। कुछ लोगों ने तो सरार, की पचरी पर ही दुकान बना ली है। सभी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। सभी जमीनों को कब्जे से मुक्त कराया जाए।

# राइस मिल के धुएं व बदबू से बढ़ी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/निकुम

विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम देवसरा में लगी नई राइस मिल के खिलाफ ग्राम पंचायत गोड़ेला के सरपंच वागीश बंजारे, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चन्द्राकर सहित क्षेत्र के ग्रामीणों ने शिकायत की है।

राइसमिल से बीते कई महीनों से प्रदूषित हवा से गांव का वातावरण प्रदूषित हो रहा है। इसके अलावा बदबू से मजबूरी में राहगीरों को नाक बंद कर चलना आदत बन गई। वहीं, राइसमिल के आस पास सड़क किनारे कई ट्रक खड़े रहते हैं, जो दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। बता दें कि बीते तीन महीने पहले मिल के पास पिकअप पलटने से तीन लोगों मौत हो चुकी है, फिर भी व्यवस्था लचर है। मिल से निकलने वाला भूसा लोगों की आखों में पड़ता है, वह भी दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने की समय रहते उचित प्रबंधन की मांग

विभिन्न विभागों से शिकायत में ग्रामीणों ने कहा कि राइसमिल से निकलने वाले धुएं के कारण गोड़ेला के साथ देवसरा, निकुम भाठा के ग्रामीण भी परेशान हैं। वहीं, स्थानीय युवाओं के लिए आर्मी प्रैक्टिस मैदान को छोड़ दूसरे गांव खुरसुल के मैदान में जाना मजबूरी हो गई है।

### जिपं सदस्य ने दी चेतावनी मिल मैनेजर ने कहा सुधारी जा रही है व्यवस्था



इस संबध में मिल के मैनेजर कामतादास वैष्णव ने बताया कि शिकायत के बाद मिल की जांच कर व्यवस्था में सुधार का कार्य किया जा रहा है। वहीं, क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य गुलशन चन्द्राकर ने कहा कि समय रहते राइस मिल सिस्टम को ठीक करे, अन्यथा अधिकारियों सहित एनजीटी से शिकायत की जाएगी।

# शहीद की पत्नी ने ग्रामीणों पर लगाया दबंगई का आरोप, पीएम से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लाटाबोड़

विकासखंड गुंडरदेही के ग्राम भुसरेंगा में 19 महार रेजीमेंट के शहीद जवान उमेश कुमार साहू के परिजनों ने कुछ ग्रामीणों पर दंबगई करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, सेना प्रमुख तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित बालोद जिला कलेक्टर से लिखित शिकायत की है।

भेजे गए लिखित शिकायत में शहीद जवान की पत्नी ने कहा है कि ग्राम भूसरेंगा के ग्रामीण उनके घर पर बुलडोजर चलवाने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनसे 7 डिसमिल जमीन के बदले 30 डिसमिल जमीन की मांग की जा रही है। वहीं, जमीन नहीं देने पर उनके घर पर बुलडोजर चलवाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि देश की सुरक्षा के लिए लेह लद्दाख की सीमा पर आक्सीजन की कमी के कारण 19 महार रेजीमेंट के जवान उमेश कुमार साहू की मौत हो गई थी। उनका ससुराल ग्राम पंचायत भुसरेंगा है। शहीद उमेश कुमार साहू की पत्नी का उसका मायका ही एक मात्र सहारा है, क्योंकि उनके यहां उनके बीमार ससुर के अलावा कोई नहीं है। ऐसे में शहीद की सास यानी की उसकी पत्नी की मां साथ में रहकर अपनी बेटी और उनके बच्चों की देखभाल करते हैं।

## विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर जामगांव आर में हुआ सामूहिक जाप का आयोजन

# विश्व शांति की मंगल भावना के साथ गूंजा नवकार महामंत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

विश्व नवकार महामंत्र दिवस 9 अप्रैल को जैन श्री संघ जामगांव आर द्वारा भगवान मल्लीनाथ मंदिर दरबार में महामंत्र नवकार का सामूहिक जाप का आयोजन किया गया। सुशीला रेखा प्रज्ञा बैद ने सामयिक विधि में आसन ग्रहण कर जाप किए। इसके पूर्व प्रतिदिन की पूजा विधि विधान मंदिर में जैन श्री संघ ने पूर्ण कर ली थी। नवकार महामंत्र 8 बजे प्रारंभ करने के पहले श्री संघ ने उव्वसंगग़हरम पाठ पूर्ण कर महामंत्र का जाप प्रारंभ किए और जाप पूर्ण होने के बाद मेरी झोपड़ी के भाग खुल जाएंगे वीर आयेंगे, स्तवन के साथ जयकारा करते हुए आयोजन का अतीत अंकन किया गया।



**जामगांव आर में विश्व शांति के लिए इन्होंने किया जाप**

लक्ष्मी रेखा, आशीष बैद, सुरेश, सुशीला जैन, प्रेमचंद, सुनीता, अभिषेक चौरड़िया, शीतल जैन, प्रज्ञा बैद, आसकरण, निर्मला गोलछा ने नवकार महामंत्र जाप कर विश्व शांति का मंगल भावना प्रगट की।

### नवकार महामंत्र लोक परलोक साधक अद्भुत महामंत्र है

जैन श्री संघ के प्रेमचंद चौरड़िया आसकरण गोलछा सुरेश बैद सदस्यों ने बताया कि नवकार महामंत्र गुण वाचक मंत्र है। यह मंत्र किसी जाति धर्म में बंध कर नहीं है। किसी भी जाति धर्म के साधक साधना के क्रम में अरिहंत सिद्ध आचार्य उपाध्याय साधु में किसी भी में अपने आप को साध लिया हो, तो उन्हें पूरे लोक परलोक में नमस्कार प्रणाम करने का यह महामंत्र है। उल्लेखनीय है कि साधक भी जब इस मंत्र का उच्चारण करते हैं तो स्वयं के द्वारा स्वयं को नमन भी हो जाता है। यह अदभुत मंत्र है। जैन दर्शन के अतीत इतिहास में नवकार महामंत्र के अनेकों साधक साधना में लीन होकर परम गति को प्राप्त कर चुके हैं।

Apollo HOSPITALS
Apollo Hospitals
Hyderabad Renowned
CTVS Surgeon in Raipur
B - 25, Bagrecha Nursing Home, Katora Talab Road, Shailendra Nagar.
12:00 PM - 4:00 PM
For Appointment, Call:
+914069321073
+919425577666

Dr Nagesh A
MBBS, MS, MCH (Cardiac Surgery)
Sr. Consultant - Cardiac, MICS & Heart Transplant Surgeon
Consult the doctor, if you are facing with the below conditions.
- Aortic valve disease
- Atrial Fibrillation
- Cardiomyopathy
- Coronary artery disease
- Pericardial effusion
- Pulmonary Hypertension
- Sick sinus syndrome
- Hole In The Heart
- Congenital Heart Surgery
Embassy

# गोकुल नगर में खटाल होगी स्थानांतरित, जवाहर मार्केट का होगा उन्नयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

शहर के 168 खटालों को गोकुल नगर में स्थानांतरित किए जाएंगे। जोन तीन अंतर्गत वार्ड 37 छावनी थाना के सामने लाल मैदान में डोम शेड, पेवर ब्लाक, ट्यूबलर पोल, मंच निर्माण होंगे। जोन क्रमांक दो वैशाली नगर में क्रिकेट बाक्स, फुटबाल ग्राउण्ड एवं प्रकाश व्यवस्था की जाएगी।

मंगलवार को महापौर परिषद ने इसकी मंजूरी दी। महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में एमआईसी की यह बैठक हुई।

## महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में महापौर परिषद ने दी विभिन्न कार्यों की स्वीकृति

### इन एजेंडों पर हुई चर्चा

बैठक में बिन्दुवार 9 एजेण्डा विस्तृत चर्चा हेतु रखा गया था। जिसमें प्रमुख रूप से जोन क्रं. 01 गोकुल नगर क्षेत्रांतर्गत शहर के सभी खटालों को स्थानांतरित करना था। वर्तमान में लगभग 168 खटालें संचालित हो रही है, अन्य खटालों को भी वहां पर व्यवस्थित करना है। इसलिए रोड नाली सौंदर्यीकरण एवं इलेक्ट्रिफिकेशन का उन्नयन कार्य आदि के लिए प्राक्कलन तैयार कर शासन को राशि 441.76 लाख की स्वीकृति हेतु भेजे जाने के लिए अनुसंशा प्रदान की गई। निगम क्षेत्र में स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर में मटेरियल रिकवरी फैस्लिटी के लिए शेड निर्माण कार्य को विस्तृत चर्चा कर समय अवधि में गुणवत्तापूर्ण कराने हेतु सर्व सम्मति से पारित किया गया।



### जोन तीन में ये कार्य मंजूर

जोन क्रं. 03 अंतर्गत वार्ड क्रं. 37 छावनी थाना के सामने लाल मैदान में डोम शेड, पेवर ब्लाक, ट्यूबलर पोल, मंच निर्माण कार्य को विस्तृत जानकारी के साथ पुनः महापौर परिषद में प्रस्तुत करने को कहा गया। विधायक वैशाली नगर द्वारा वैशाली नगर क्षेत्र में 9 अधोसरंचना मद एवं 02 राज्य प्रवर्तित मद के कार्य को स्वीकृति हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने एवं स्वीकृति के प्रत्याशा में महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ रखा गया, चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई। फिल्टर प्लांट से निकलने वाले वेस्ट वाटर सिंचाई एवं अन्य कार्यो हेतु उपलब्ध कराने हेतु प्रस्ताव लाया गया था, जिसे विचार के बाद परिषद के सदस्यों द्वारा सराहना किये गये और दिये गये सुझाव के अनुसार पुनः प्रस्ताव बनाकर लाने हेतु कहा गया।

### जवाहर मार्केट में इन कार्यों को मंजूरी

जवाहर मार्केट का उन्नयन एवं विकास कार्य हेतु शासन द्वारा 7 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हो गया है। जिसका डी.पी.आर. तैयार कर सामान्य सभा में रखे जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर में क्रिकेट बाक्स, फुटबाल ग्राउण्ड एवं प्रकाश व्यवस्था हेतु कार्य कराये जाने का वैशाली नगर विधायक द्वारा पत्र प्राप्त हुआ है। जिसे अधोसरंचना मद से स्वीकृति हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने बाबत। स्वीकृति उपरांत निविदा आमंत्रण की अनुमति हेतु महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ रखा गया था, जिसे परिषद के सदस्यों के विचार विमर्श के बाद स्वीकृति प्रदान की। महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, चंद्रशेखर गंवई, मन्नान गफ्फार खान, नेहा साहू, मालती ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर अनाचार युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** शादी का झांसा देकर अनाचार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 376(2)(एन) भादवि. 69 बीएनएस. )के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि ग्राम गिधवा जिला बेमेतरा निवासी जयेश पटेल ने युवती को शादी का प्रलोभन देकर 2021 से 2024 तक सेक्टर 7 ग्राउंड के पास झाड़ी भिलाई में ले जाकर अनाचार किया। जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो युवक ने इंकर कर दिया। परेशान युवती ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। भिलाई नगर पुलिस ने आरोपी जयेश पटेल को उसके गृह ग्राम गिधवा जिला बेमेतरा से पकड़कर लाई है।

### जमीन फर्जीवाडा मामले में महिला के खिलाफ जूर्म दर्ज

**भिलाई।** जमीन फर्जीवाडा मामले में पुलिस ने सिम्प्लेक्स कास्टिंग लिमिटेड की महिला डॉयरेक्टर के खिलाफ जूर्म दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने धारा 420 के तहत कार्रवाई किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि 32/8 नेहरू नगर (वेस्ट) वार्ड 2 निवासी विशाल केजरीवाल डायरेक्टर विशाल रिरोलर्स प्रायवेट लिमिटेड है। ए 5 सूर्य विहार कालोनी, जुनवानी निवासी संगीता केतन शाह पुलगांव के प.ह.नं.- 24 रा.नि.म. दुर्ग, खसरा नं. 145/2, की जमीन को एक करोड रूपये में बयनामा निष्पादित करने के नाम पर ठगी किया। संगीता शाह डायरेक्टर मेसर्स सिम्प्लेक्स कास्टिंग लिमिटेड है। संगीता ने पीड़ित से उक्त जमीन को लेकर सौदा इकरारनामा 2022 को किया। दोनों के मध्य 1करोड़ रुपए में डील हुई। पहले पीड़ित ने 50 लाख फिर 50 लाख आर.टी.जी.एस. के माध्यम से संगीता के खाते में किया गया। भूमि का पंजीयन सीमांकन के बाद इकरारनामें में इकरारशुदा जमीन के पश्चिम में रोड रास्ता होना बताया गया है। लेकिन इकरारशुदा जमीन के पश्चिम में रोड रास्ता होना नही पाया गया। 6 जनवरी 2025 को पीड़ित के द्वारा व्यक्तिगत संपर्क कर संगीता से इकरारशुदा जमीन के पश्चिम भाग पर रोड रास्ता की व्यवस्था करने की मांग की थी। लेकिन संगीता ने कार्यालय, घर आने से पीड़ित से मना कर दी। परेशान पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से किया था।

### किसानों के साथ ठगी

**भिलाई।** फर्जी बीमा ऋण देकर ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 511 के तहत कार्रवाई की है। उतई पुलिस ने बताया कि प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के पद पर पाटन में मुकेश कुमार पदस्थ है। ग्राम बांसापुट, पंचायत बांसापुट तहसील बांकी जिला कटक उडीसा निवासी सीएससी संचालक तुषार कांता सेठी सीएससी है। ग्राम पतौरा के 43 किसान और ग्राम मुडपार के कुल 67 किसानो से राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल फर्जी ऋण के नाम पर ठगी किया। तुषार पीएमएफ वीवाई योजना से फर्जी किसानों को कृषि ऋण दिया। ग्राम पतोरा एवं ग्राम मुडपार तहसील पाटन में संयुक्त संचालक कृषि संभाग दुर्ग द्वारा शिकायत मिलने पर आरोपी तुषार के खिलाफ जांच की गई। सीएससी संचालक तुषार कांता सेठी किसानो का फर्जी बीमा करना पाया गया। जिन किसानों के नाम से बीमा कराया गया था। उनके ग्राम पंचायत में नही पाये गए थे।

## बीएसपी के अत्याधुनिक ब्लास्ट फर्नेस-8 की 8 वर्षों की कीर्तिमानी यात्रा

# सेल का उत्पादन बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा महामाया फर्नेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र की सबसे बड़ी धमन भट्ठी ब्लास्ट फर्नेस - 8 ,महामाया न सिर्फ बीएसपी बल्कि सेल ( स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) के प्रमुख फर्नेसों में शुमार है। यह अत्याधुनिक तकनीकी उपकरणों से लैस होने के कारण संयंत्र के साथ सेल के इस्पात उत्पादन में कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। महामाया ने वित्त वर्ष 2024-25 में बीएसपी में कुल 28 लाख 9611 टन हांट मेटल उत्पादन में 28 लाख 9611 टन हाट मेटल उत्पादन किया। 20-24 के पिछले 26 लाख 82321टन के कीर्तिमान को ध्वस्त किया। मार्च 25 में 2 लाख 66214 टन का मासिक रिकार्ड भी दर्ज किया। साथ ही उत्पादाकता दर 1.93 टन प्रति दिन घन मीटर हासिल की। यह नया रिकार्ड है। यह फर्नेस बीएसपी के 7 मिलिटन टन उत्पादन क्षमता में अहम भूमिका निभा रहा है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2009-10 में बीएसपी के आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण परियोजना के तहत कई योजनाएं उत्पादन के चक्र में शामिल की गई। इसमें देश की विशाल और आधुनिकतम ब्लास्ट फर्नेस-8 "महामाया" की स्थापना की गई थी। एक्सपांशन प्रोजेक्ट के तहत 1, 500 करोड़ की लागत से सबसे पहले फर्नेस-8 की स्थापना के कार्य को पूर्ण किया गया । दो फरवरी 2018 को इस फर्नेस को प्रज्जवलित किया गया। ब्लास्ट फर्नेस-8 देश के बड़े ब्लास्ट फर्नेसों में से एक है। इतने विशाल फर्नेस में 8030 टन प्रतिदिन हॉट मेटल उत्पादन की मापित क्षमता है। बीएसपी 2018 से अब तक इस फर्नेस के माध्यम से 17 मिलियन टन से अधिक हॉट मेटल का उत्पादन कर चुका है। ब्लास्ट फर्नेस-8 "महामाया" के अनुपात में इस्को, बर्नपुर में सबसे विशाल ब्लास्ट फर्नेस है। राऊरकेला इस्पात संयंत्र में ब्लास्ट फर्नेस उत्पादन मात्रा के अनुसार सेल की दूसरी सबसे बड़ी फर्नेस है। बीएसपी की महामाया इस क्रम में तीसरे स्थान पर है।

### खास बातें

- रिकार्ड हॉटमेटल उत्पादन के साथ रासायनिक गैसों का भी ईंधन के रूप में भी इस्तेमाल
- 8030 टन प्रतिदिन हॉट मेटल है उत्पादन क्षमता

### 8030 टन प्रतिदिन है उत्पादन क्षमता



### शुरु से ही बढ़ा उत्पादन ग्राफ

उन्नत स्वचालन और नियंत्रण प्रणालियों के साथ अत्याधुनिक फर्नेस से दैनिक उत्पादन का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। 2 फरवरी, 2018 को इसके ब्लोइंग-इन के 258 दिनों बाद 18 अक्टूबर, 2018 को बीएफ-8 से 1 मिलियन टन संचयी उत्पादन के आँकडे को पार कर लिया गया। इसी प्रकार 1 अप्रेल, 2019 को बिना आक्सीजन संवर्धन के सहयोग से ब्लोइंग-इन के 424 दिनों बाद 2 मिलियन टन के मील के पत्थर को प्राप्त कर लिया गया। 9 सितम्बर, 2019 को 585 दिनों में 3 मिलियन टन संचयी उत्पादन करने में सफल हुआ। ब्लोइंग-इन के 740 दिनों में 4 मिलियन टन के नये संचयी कीर्तिमान को हासिल किया । 889 दिनों में 5 मिलियन टन के नये संचयी रिकॉर्ड को प्राप्त करने में सफल हुए।

### महामाया बीएफ में हैं कई टेक्निकल विशेषताएं

ब्लास्ट फर्नेस (बीएफ )-8 में सर्वाधिक हांट मेटल उत्पादन करने के साथ कई तकनीकी विशेषताएं हैं। कास्ट हाउस और स्टांक हाउस डिडस्टिंग सिस्टम, टांप रिकवरी, टर्बाइन ( टीआरटी) पल्वराइज्ड कोल इंजेक्शन (पीसीआई), कार्बन ब्लाक के माध्यम से माडर्न हीट ट्रांसमिशन सिस्टम, सिरेमक कप, एसजीआई व क्यू-स्टोव और अत्याधुनिक तकनीक से एनर्जी एफिशिएंट तथा प्रदूषण नियंत्रण उपकरण,जिसमें वेस्ट हीट रिकवरी सिस्टम शामिल है। हांट मेटल प्रक्रिया में निकलने वाली रासायनिक गैसों को ईंधन के रुप में इस्तेमाल किया जा रहा है। कार्बन मोनो आक्साइड फर्नेस गैस आदि से बाय प्रोडक्ट भी बनाया जा रहा है। साथ ही काइनेटिक एनर्जी गैस संरक्षित किया जा रहा है।

## 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले को लेकर कांग्रेसियों का फूटा गुस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

दुर्ग के मोहन नगर थाना अंतर्गत उरला में 6 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म और फिर उसकी निर्मम हत्या को लेकर कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने घड़ी चौक सुपेला में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सुपेला चौक पर सरकार का पुतला जलाया। इस दौरान पुलिस के साथ कार्यकर्ताओं की झूमाझटकी भी हुई। कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस और एनएसयूआई के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकर्ताओं ने नेशनल हाईवे को जाम करने की भी कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि दुर्ग जिले में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने इस घटना को घिनौनी करार देते हुए गृहमंत्री विजय शर्मा से इस्तीफे की मांग की। उनका कहना है कि जिले में अपराधियों को पुलिस प्रशासन का कोई डर नहीं है, जिससे वे इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देने से नहीं हिचकिचा रहे हैं। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष विभोर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और हर संभव न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी। उनका कहना है कि एक समय था जब भिलाई को भिलाई इस्पात संयंत्र और मैत्री गार्डन के नाम से जाना जाता था, लेकिन आज यह क्षेत्र अपराध का गढ़ बन गया है। दुष्कर्म, लूट और हत्या जैसी घटनाएं आम होती जा रही हैं। उन्होंने पुलिस और जिला प्रशासन को पूरी तरह से विफल बताया।

- घड़ी चौक पर प्रदर्शन के बाद फूंका पुतला



## उप नेता प्रतिपक्ष की राज्यपाल से सौजन्य मुलाकात



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका से उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात कर उन्हें बाबा भोलेनाथ की प्रतिमा भेंट की। साथ ही भिलाई क्षेत्र के विभिन्न विषय पर सार्थक चर्चा की। इस दौरान दया सिंह ने भिलाई सहित जिले में राजनीतिक और प्रशासनिक घटनाक्रम से भी अवगत कराया।

## वार्ड-33 में सुशासन तिहार, निरीक्षण करने पहुंचे जोन आयुक्त



**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के वार्ड 33 में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया। नगर पालिका निगम द्वारा आयोजन इस कार्यक्रम का निरीक्षण करने जो 3 के आयुक्त एवं वार्ड पार्षद एन शैलजा पहुंचे। वार्ड पार्षद ने बताया कि राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसकी शुरुआत की है। इसमें सभी प्रकार के मांग एवं शिकायत का नियत समय में निराकरण किया जाना है। वार्ड पार्षद शैलजा ने कहा कि आप सभी वार्ड वासी अधिक से अधिक संख्या में आकर सुशासन तिहार का लाभ लें।

## बीएसपी ने मानी ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन की मांग यूनियन सदस्यों ने जताया अध्यक्ष का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के सभी पदाधिकारिओं एवं सदस्यों ने अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू एवं संरक्षक प्रभुनाथ मिश्रा, सुधीर सिंह का भव्य स्वागत किया। उनके प्रति आभार व्यक्त किया। सदस्यों ने कहा कि इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व, दूरदृष्टि और निरंतर प्रयासों के कारण ही यह सफलता संभव हो सकी है। संयंत्र प्रबंधन द्वारा उनकी मांग को स्वीकार कर लिया गया है। लंबे समय से एसोसिएशन द्वारा एलडी स्लैग की गाड़ियों के आवागमन को लेकर जो मुद्दा उठाया जा रहा था, उस पर अब सकारात्मक निर्णय ले लिया गया है। बीएसपी मैनेजमेंट ने एलडी स्लैग ढोने वाली गाड़ियों को 7 नंबर गेट से प्रवेश देने की अनुमति दे दी है। इस फैसले से ट्रांसपोर्टरों को काफी सहूलियत मिलेगी। अब प्रतिदिन 70 गाड़ियों को एलडी स्लैग सामग्री के परिवहन के लिए 7 नंबर गेट से प्रवेश का परमिशन दिया गया है। पहले ट्रकों को अन्य गेट से होकर लंबा और जटिल मार्ग तय करना पड़ता था, जिससे न केवल समय की बर्बादी होती थी, बल्कि इंधन की खपत और ट्रैफिक की समस्याएं भी बढ़ती थी। 7 नंबर गेट से अनुमति मिलने के बाद अब गाड़ियों का संचालन अधिक व्यवस्थित और सुगम हो सकेगा। एसोसिएशन की ओर से यह मुद्दा कई बार बीएसपी मैनेजमेंट के समक्ष उठाया गया था। बैठकें भी हुईं, जिनमें परिवहन व्यवसायियों ने अपनी समस्याएं रखीं। अंततः बीएसपी प्रबंधन ने ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की बातों को समझते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया। इंद्रजीत सिंह ने कहा कि यह निर्णय न केवल ट्रांसपोर्टरों के हित में है, बल्कि इससे संयंत्र क्षेत्र में सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने में भी मदद मिलेगी।

## सुशासन तिहार में 83 लोग पहुंचे समाधान पेटी तक

**रिसाली।** नपानि रिसाली में आयोजित राज्य स्तरीय सुशासन तिहार में तेज गर्मी के बावजूद 83 लोग शिविर स्थल पहुंचे। समस्या मूलक आवेदन को समाधान पेटी में डाला। आवेदन में किसी ने आवास मांगा तो किसी ने घर से पानी निकासी का रास्ता मांगते आवेदन प्रस्तुत किए है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन तिहार में आम नागरिक रूचि दिखा रहे है। वे अपने समस्या मूलक आवेदन लेकर निगम द्वारा रखे गए समाधान पेटी तक पहुंच रहे है। वे अपनी समस्या मूलक और मांग भरे आवेदन का निराकरण कराने आवेदन प्रस्तुत कर रहे है। पहले दिन 83 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसमें से 75 मांग वाले आवेदन शामिल है वही 8 आवेदन शिकायती अंदाज में प्रस्तुत किए है। नगर पालिक निगम के प्रभारी आयुक्त व कार्यापालन अभियंता सुनिल दुबे ने बताया कि सार्वधिक आवेदन पुरैना बस्ती में मिले है। आज से ही प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। 75 मांग पत्र है। वहीं 8 शिकायत दूर करने का अनुरोध नागरिकों ने निगम प्रशासन से की है। उन्होंने न बताया कि शिकायत पत्रों के आधार पर कार्यवाही शीघ्र की जाऐगी।

- पहले दिन आवास से लेकर पानी निकासी का मांगा रास्ता

| समाधान पेटी स्थल | मांग | शिकायत | कुल |
|---|---|---|---|
| डुण्डेरा मंगल भवन | 16 | 01 | 17 |
| सामुदायिक भवन पुरैना | 20 | 04 | 24 |
| मुख्य कार्यालय रिसाली | 21 | 01 | 22 |
| टंकी कार्यालय रिसाली | 18 | 02 | 20 |

## गांव से बस्ती चलो अभियान की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 14 अप्रैल तक डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्म जयंती तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इसी कड़ी में दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रूआबांधा बस्ती में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के द्वारा गांव से बस्ती चलो जनचौपाल अभियान का शुभारंभ किया और गांव, बस्ती का भ्रम किया और लोगों की समस्याएं सुनी और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान किया।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता 7 से 12 अप्रैल के बीच 'गांव से बस्ती चलो' अभियान में भाग लेंगे। इस अभियान के तहत कार्यकर्ता प्रत्येक दिन आठ घंटे तक गांवों और बस्तियों में जाकर भाजपा के इतिहास, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों और गरीब कल्याण योजनाओं की जानकारी देंगे। 14 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम होगा। संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ भी किया जाएगा। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम सब मिलकर भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता को समाज में जागरूकता फैलाने, सामाजिक समरसता और नागरिक कर्तव्यों को बढ़ावा देने के साथ संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाना होगा। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र सेंडे, मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, महामंत्री दशरथ साहू, राकेश त्रिपाठी, पार्षद सारिका साहू, टीकम सिंह साहू, शिला नारखड़े, सविता धवज, सचिन गोस्वामी, अजीत परिहार, अजीत चौधरी, कंचन सिंह, पुनीत यादव, प्रेमचंद साहू, अंजू यादव, अरविन्द नारखड़े, वेदप्रकाश, बसंती साहू, पुष्पलता देशमुख, मोहन बड़े, वीरेंद्र, विजयेन कुमार, गोपाल खैरबार, जग्गू राम यादव एवं रिसाली मंडल के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- शासन की जनकल्याण कारी योजनाओं की दी जानकारी

## आरसीएल और यूआरम ने किया आयोजन

# सेल-रेल साझेदारी पर मैत्री क्रिकेट मैच, आर 260 टीम विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के रिसर्च कंट्रोल लैब (आरसीएल), यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) तथा रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल (आरएसएम) के तत्वावधान में 'सेल-रेल मैत्री क्रिकेट हुआ। मैच बीएसपी में रेल निर्माण एवं गुणवत्ता निरीक्षण से जुड़े विभागों तथा रेलवे निरीक्षण एजेंसी राइट्स के अधिकारियों की मिश्रित टीमों के बीच खेला गया, जिसका उद्देश्य विभागों के मध्य आपसी समन्वय को प्रोत्साहित करना था।

बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने प्रतीकात्मक बल्लेबाजी एवं गेंदबाज़ी कर मैच का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी, प्रवीण निगम, सीजीएम तुषारकांत, टी दस्तीदार, राहुल श्रीवास्तव, इन्द्रजीत सेनगुप्ता, विशाल गुप्ता, उप महाप्रबंधक एचएस नायक, प्रबंधक (राइट्स) रामकृष्णा तथा सहायक प्रबंधक सत्यनारायण शामिल थे। इस अवसर पर बीएसपी एवं राइट्स की महिला कार्मिकों और अधिकारियों की पत्नियों के लिए एक विशेष 'शो मैच' का आयोजन भी किया गया। महाप्रबंधक जेके वर्मा की कमेंटेटर थे। मुकाबले में 350 एचटी टीम के कप्तान शिव कुमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया, जबकि आर 260 टीम के कप्तान नितिन राजपूत टीम के साथ गेंदबाज़ी एवं क्षेत्ररक्षण किया।350 एचटी टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर कुल 114 रन बनाए। जवाब में आर 260 टीम ने 6 विकेट खोकर 115 रन बनारप मैच जीत लिया।





### सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने अमित

बेस्ट बॉलर का पुरस्कार जीपी सोनी को, बेस्ट बैट्समैन की ट्रॉफी अंकित को तथा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब अमित गिरी को प्रदान किया गया। अंपायर विकास व आनंद, तथा स्कोरर विनोद देवघरे थे। कार्यक्रम का संचालन सुप्रियो सेन ने किया। आयोजन को सफल बनाने में नगर सेवाएं विभाग, एल एवं डी, एससी एवं सीए, भिलाई क्लब एवं बेस किचन का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप



### भाजपा के संगठनात्मक विस्तार पर चर्चा

**अर्जुनी।** मंडल भाजपा के तत्वावधान पर राम मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा की सफलता एवं संगठनात्मक विस्तार एवं भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाए गए परिवर्तन, विकसित भारत पर विस्तार से चर्चा किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, रवि सिन्हा, रामकुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष भुवन लाल साहू, दिनेश साहू, अजय वैष्णव, मनीष साहू, दिलीप साहू, धनराज ठाकुर, भैयालाल साहू, द्वारिका यादव, टीकाराम सोनकर, कमल साहू, लीकेश साहू, खिलेंद्र साहू, टुम्मनलाल साहू, राजेश साहू, गजेंद्र राजा साहू, संदीप साहू, प्रभुदत्त सोनकर, हुकम साहू, उमेश साहू, संजू, देवलाल साहू, मोहन साहू, आसाराम साहू, विशेश्वर निषाद, मुकेश निषाद, कुलेश्वर निषाद, मामेश साहू, भावेश निक्की, डॉ मनोज, कमलेश सोनकर, पूनम साहू आदि शामिल हुए। यह जानकारी दुर्गेश सिन्हा ने दी।

## कार्रवाई

### तीन दिन में दो रात कार्रवाई, दो चैन माउंटेन जब्त, दूसरे दिन दोगुनी गति से रेत खनन

# रेत माफियाओं की दबंगई के आगे बौना नजर आ रहा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखण्ड में रेत माफियाओं की दबंगई के आगे प्रशासन बौना नजर आ रहा है। तीन दिन में दो बार कार्रवाई कर दो चैन माउंटेन जब्त किया गया, लेकिन हर कार्रवाई के बाद दूसरे दिन ही दोगुनी गति से रेत माफिया रेत खनन करने लगे। ग्राम भैंसमुंड़ी ग्राम पंचायत पोंड का आश्रित ग्राम है। इस मामले में एसडीएम रामकुमार सोनकर ने कहा कि नायब तहसीलदार को अग्रिम कार्यवाही के लिए निर्देशित किया जा रहा है।

बीते तीन दिनों में खनिज विभाग, राजस्व विभाग द्वारा रात में ग्राम भैसमुंडी एवं ग्राम पौंड़ रेत खदान में कार्रवाई कर दोनों खदान से एक-एक चैन माउंटेन जब्त किया गया। विभाग ने पहली कार्रवाई ग्राम भैसमुंड़ी के महानदी में रेत खनन कर रहे चैन माउंटेन को पकड़ा एवं जब्त किया। हाईवा या अन्य वाहन यहां पकड़े नहीं जा सके। भैसमुंड़ी में कार्रवाई के दूसरे दिन ही भैसमुड़ी से सटे ग्राम पोंड़ में रेत माफिया ने चैन माउंटेन उतार दिया। रातभर खनन चला। इसकी जानकारी मिलने पर खनिज विभाग, राजस्व विभाग ने पुलिस बल के साथ दबिश दी एवं वहां भी चैन माउंटेन को जब्त किया। दोनों चैन माउंटेन को सील कर दिया गया है। ग्राम पोंड़ के रेत खदान में रात में कार्रवाई हुई एवं सुबह अर्थात बुधवार को दिन के उजाले में महानदी से बड़े पैमाने पर ट्रैक्टरों से रेत दिन भर निकाला गया। बुधवार को दिन भर ट्रैक्टर से रेत निकाली गई। दिन भर में लगभग 60 से अधिक ट्रैक्टरों में रेत निकासी होने का दावा किया जा रहा है। दिनभर रेत खनन चलता रहा एवं दिनभर कुछ ग्रामीण चौकसी करते नजर आए। सूत्रों का कहना है कि





यहां ग्रामीणों द्वारा प्रति गाड़ी शुल्क लेने की चर्चा आम है। यहां सरकारी लीज को सफल नहीं होने देने का आरोप भी लगता रहा है। इसलिए बीते कई सालों से यहां सरकारी लीज जारी नहीं हो सकी। जारी हुई भी, तो वह सफल नहीं हो सकी।

### पोंड़ खदान में रेत भरते ट्रैक्टरों की लाइन

इस बार बीते तीन दिनों कार्रवाई में इस बार विभाग को चैन माउंटेन मिले, जबकि बुधवार को ग्राम में पहुंचे इस प्रतिनिधि को भैंसमुंड़ी खदान में सील किया चैन माउंटेन मिला, लेकिन रेत भरते वाहन जरूर नहीं मिले, लेकिन पोंड़ खदान में रेत भरते ट्रैक्टरों की लाइन लगी नजर आई एवं खदान के बाहर ग्राम के आस पास दर्जन भर से अधिक ट्रैक्टर जो पोंड़ क्षेत्र के बाहर से थे, खड़े नजर आए। उन्होंने चर्चा में स्वीकार किया वे रेत लेने आए हैं एवं वे प्रति गाड़ी शुल्क देते हैं।

### उठ रहे कई सवाल

जिस प्रकार से प्रशासन की कार्रवाई के बाद रेत माफियाओं द्वारा कार्रवाई की रात्रि के दूसरे दिन सुबह जोर शोर से रेत का खनन किया गया, इसने कई सवाल खड़े कर दिये हैं। एक सवाल यह भी है कि कहीं खनिज विभाग की मामले में संलिप्तता तो नहीं है? और रेत माफियाओं को बचाने के लिए कमजोर कार्रवाई तो नहीं की गई? यह सवाल इसलिए भी उठता है कि जब पिछले पखवाड़े पोंड़ खदान में कार्रवाई की गई थी, तब खनिज विभाग को कुछ नहीं मिला। जबकि दूसरे दिन ही रेत खदान पहुंचे इस प्रतिनिधि को 6 से अधिक वाहन दिन के उजाले में रेत भरते दिखे। इसका समाचार भी प्रकाशित हुआ।

### पंचायत की जानकारी के बिना खनन


खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा रात्रि में कार्रवाई कर तीन दिनों के भीतर एक-एक चैन माउंटेन जब्त कर सील किया गया है। पंचायत की जानकारी के बिना अब भी रेत खनन चल रहा है।

- हेमलता चोरमार, सरपंच।

## महावीर जयंती आज, मांस व मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

भगवान महावीर जयंती के अवसर पर नगर पालिका क्षेत्र में 10 अप्रैल को मांस और मटन के साथ-साथ मदिरा की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट आदेश जारी करते हुए संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए हैं।



■ नगर पालिका प्रशासन ने जारी किया आदेश

मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर ने बताया कि यह निर्णय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार लिया गया है। इसके तहत नगर क्षेत्र के समस्त पशुवधगृह, मांस-मटन की दुकानें तथा शराब विक्रय केंद्रों को बंद रखने का आदेश दिया गया है।

नगर पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी और स्वच्छता निरीक्षक को निर्देशित किया गया है कि वे आदेश के पालन की सख्ती से निगरानी करें। यदि किसी भी स्थान पर मांस या मदिरा की बिक्री होती पाई गई, तो संबंधित प्रतिष्ठान की सामग्री जब्त की जाएगी और संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर ने नगरवासियों से धार्मिक सौहार्द्र एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

## निधन

### राजू अग्रवाल

**खैरागढ़।** ईतवारी बाजार निवासी वरिष्ठ पत्रकार राजू अग्रवाल का मंगल-बुध की दरमियानी रात हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया।



प्रदेश के विभिन्न समाचार पत्रों में बतौर संवाददाता कार्य करने के बाद वो वर्तमान में अपना स्वयं का अखबार चला रहे थे। परिजनों व गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में अमलीपारा मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि पुत्र इंद्रजीत अग्रवाल ने दी।

## दुष्कर्म मामले में हो फांसी, समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

नगर यादव समाज राजनांदगांव द्वारा 8 अप्रैल को कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम रामनवमी के दिन नौकन्या भोजन में जा रही 6 साल की मासूम की दुष्कर्म कर गला घोटकर हत्या होने के मामले को लेकर ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर नगर यादव समाज के मन्ना यादव, दुर्गेश यादव, महेश यादव, राधेलाल यादव, गरीब यादव, उपेन्द्र यादव, शीलू यादव, रितेश यादव, भोला यादव, विजय यादव, अशोक यादव, हरीश यादव, दुर्गाप्रसाद यादव, रमेश यादव, मीना



लव यादव, मंजू यादव, मधु यादव, आरती यादव, सरस्वती यादव, रीना यादव, गौरी यादव, लीला यादव, मनोहर यादव, मदन मोन्टू यादव, अभ्यास यादव, शेखर यादव, विनोद यादव, दिलीप यादव, दिग्विजय यादव, विकास यादव, महेन्द्र जघेल, मानुशाली, राकेश यादव, दीपक यादव, रोहित यादव आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी दुर्गाप्रसाद यादव ने दी।

### समाज में आक्रोश

नगर यादव समाज द्वारा राज्यपाल और मुख्यमंत्री से ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि अपराधी कोई भी हो फांसी की सजा होनी चाहिए। बेटियां देवी स्वरूप होती है, जिसे हम लोग नवरात्रि में कन्या भोजन कराने के लिए दर-दर भटकाते हैं। उन्हीं बेटियों के साथ आज हैवानियत की हदें पार कर रिश्तों को तार-तार कर के रखा दिया गया है। आज मां-बाप किस-किस पे भरोसा करे।

## शिकायतों के बाद भी अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई क्यों नहीं? : अभिमन्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने शहर में बढ़ रहे अवैध प्लाटिंग के मामलों में चिंता जताते कहा है कि इससे राजस्व को तो हानि होती ही है। साथ ही ग्राहक को भी भविष्य में बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहने सहित बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हाल ही में विधायक अनुज शर्मा ने विधानसभा में यह मुद्दा उठाया था, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने त्वरित संज्ञान लेने के आदेश दिए थे, किंतु सबसे चिंताजनक विषय यह है कि उनके स्वयं के क्षेत्र में उनकी नाक के नीचे लगातार शिकायतों के बाद भी अवैध प्लाटिंग का कारोबार फल-फूल रहा है, कोई कार्रवाई भी नहीं हो रही है। इनमें हाल में ही प्रमुख रूप से वार्ड क्रमांक 1 बजरंगपुर नवागांव अंतर्गत बापुटोला में मोरध्वज देवांगन एवं उनके साथियों द्वारा प्रीकास्ट वॉल निर्मित कर लगातार अवैध प्लाटिंग किए जाने की शिकायत वार्ड पार्षद राजा तिवारी द्वारा की गई थी। ख.नं. 11/183, कुल रकबा 0.6160 हे., ख.नं. 23/8 रकबा 0.4670 हे., ख.नं. 11/2 कुल रकबा 0.4700 हे., 11/75, 22/1, 23/1, 11/76, 11/5, 24/1 तथा 27/1 को टुकड़ों में बेचने की तैयारी मोरध्वज देवांगन द्वारा की जा रही है। यह शिकायत भी पूर्व में की गई थी, कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## सांसद प्रतिनिधि भागवत ने किया स्काउट गाइड के प्याऊ का उद्घाटन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| खैरागढ़

भारत स्काउट गाइड की जिला इकाई के तत्वाधान में प्याऊघर का उदघाटन सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी व जिला आयुक्त लालजी द्विवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नीलम सिंह राजपूत, जिला सचिव केके वर्मा, ब्लॉक सचिव सुनील कुमार गुनी, व्याख्याता कमलेश्वर सिंह, शिरीष पांडेय, डाइट के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुनील शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी कन्हैया पटेल, आत्माराम साहू सहित स्काउट गाइड के कैडेट्स मौजूद रहे।

प्याऊ घर खोलने पर शुभकामना देते हुए सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने कहा भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में भारत स्काउट गाइड के माध्यम से किया गया नेक व सार्थक पहल सराहनीय है। पुराने बस स्टैंड मे बड़ी संख्या में आम लोगों की आवाजाही रहती है। ऐसे में इस स्थल पर प्याऊ घर खोला जाना श्रेयस्कर है। गौरतलब है कि पुराना बस स्टैंड में प्याऊ घर खुलने से बड़ी संख्या में लाँजी क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले राहगीरों को काफी राहत मिलेगी। स्काउट गाइड के कैडेट्स इस प्याऊ घर में लगातार सेवा देंगें। सुनील कुमार गुनी ने बताया कि इसके लिए अलग अलग स्काउट गाइड को कार्य बांटा गया है।

## मृतक के परिवार को दी सहायता राशि

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत मटिया (हा) के आश्रित ग्राम सिराभाटा में ललित कुमार ठाकुर उम्र 35 साल निधन हो गया। समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा ने उनके घर पहुंचकर मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनकी माता कांति ठाकुर से भेंट कर 3000 हजार रूपये सहायता राशि प्रदान की। इस अवसर पर उपसरपंच खेमराज सिन्हा, बलराम सिन्हा, पंच पुसु ठाकुर, शालिग्राम ठाकुर, धनेश्वर धनकर, पप्पू अशोक धनकर, दौलत निषाद, अमृता सिन्हा एवं समस्त ग्रामीणों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### भागवत कथा सुनने पहुंचे विक्रांत सिंह

**खैरागढ़।** छुईखदान ब्लॉक के ग्राम गोकना में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह भाजपाइयों के साथ शामिल हुए। कथा व्यास से आशीर्वाद बाद सभी ने काफी देर तक कथा प्रसंगों का श्रवण किया। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से जनमानस में आपसी भाईचारे की भावना के साथ सहयोग की भावना का विकास होता है।

## दुर्ग में दरिंदगी की शिकार मासूम बच्ची, फूटा आक्रोश, गृहमंत्री शर्मा का किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खैरागढ़

दुर्ग जिले में 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म व हत्या की वीभत्स घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। घटना के बाद प्रदेशभर में आक्रोश का माहौल है। कांग्रेस पार्टी ने शहर में विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया।

प्रदर्शनकारियों ने गृहमंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग की है। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन व भूपेंद्र वर्मा के नेतृत्व में अम्बेडकर चौक पर आयोजित प्रदर्शन में मौजूद सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता और आम नागरिक एकत्र हुए।

मनराखन देवांगन ने इस जघन्य घटना की तीव्र निंदा करते हुए कहा नवरात्रि के पावन अवसर पर जहां पूरा देश बेटियों की पूजा कर रहा था, वहीं दुर्ग में एक चाचा ने अपनी ही भतीजी के साथ दुष्कर्म कर रिश्तों को तार-तार कर दिया। यह घटना प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गम्भीर सवाल खड़ा करती है। भाजपा सरकार में महिलाएं और बच्चियां असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दुष्कर्म की बढ़ती घटनाएं सरकार की विफलता का प्रतीक हैं और गृहमंत्री विजय शर्मा को इस घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। अगर वे इस्तीफा नहीं देते हैं तो मुख्यमंत्री को हस्तक्षेप कर उन्हें पद से हटाना चाहिए।

अम्बेडकर चौक पर भाजपा सरकार व गृहमंत्री विजय शर्मा के पुतला दहन दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि भाजपा शासन में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आमजन खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

घटना की निष्पक्ष जांच के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पांच सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। दल संयोजक बालोद विधायक संगीता सिन्हा होंगी। टीम जल्द ही घटनास्थल का दौरा करेगी और पीड़ित परिवार, स्थानीय जनप्रतिनिधियों व पुलिस अधिकारियों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट तैयार कर पीसीसी को सौंपेगी। प्रदर्शन मे कांग्रेस नेता विप्लव साहू, महिला जिलाध्यक्ष अध्यक्ष आरती महोबिया, गैंदलाल कुर्रे, भूखन बंजारे, हरजीत सिंह, संदीप सिरमौर, रामकुमार जांगड़े, रविंद्र सिंह गहरवार, महेश यादव, सूर्यकांत यादव, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, शेखर दास शानू, नरेन्द सेन, यतेंद्रजीत सिंह, हेमदास बंजारे, गोपी रजक, उमेश साहू, सूरज देवांगन, विस्वजीत सिंह, सतीश वर्मा, नरेन्द्र टंडन, घनश्याम, गैन्दू, अरथराम मारकंडे, अल्ताफ अली, अजय देवांगन, विनोद सिन्हा, राजेश देवांगन, नरेश सिन्हा, रामचंद्र वर्मा, हंस राज वर्मा, सतीश वर्मा, नगेश्वर बघेल, जयपाल वर्मा, गोविन्द देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

## स्थायी समितियां गठित करने का प्रावधान है

# जिपं में स्थाई समितियों का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खैरागढ़

छग पंचायती राज अधिनियम अंतर्गत जिला पंचायत में स्थायी समितियों का गठन किया गया। जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने बताया गया कि अधिनियम 1993 की धारा-47 के अंतर्गत जिपं की स्थायी समितियां गठित करने का प्रावधान है, जिसके अंतर्गत पांच स्थाई समितियों के अलावा जिला पंचायत सदस्यों द्वारा तीन अतिरिक्त समितियों का प्रस्ताव किया गया।

उपरोक्त सभी समितियों में सदस्यों सहित सभापति का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। निर्वाचन को लेकर कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा द्वारा अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर को पीठासीन और उपसंचालक गीत कुमार सिन्हा को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया था। सदस्यों को



निर्वाचन प्रक्रिया से अवगत कराने के बाद प्रत्येक समिति सदस्यों को प्रक्रिया से अवगत कराया गया। निर्वाचन बाद श्रीमती प्रियंका ताम्रकार को सामान्य प्रशासन समिति का सभापति, विक्रांत सिंह को शिक्षा समिति का सभापति, दिनेश वर्मा को कृषि समिति का सभापति, ललित चोपड़ा को संचार व संकर्म समिति का सभापति, जमुना कुर्रे को सहकारिता व उद्योग समिति का सभापति, श्रीमती अरुणा सिंह को स्वास्थ्य, स्वच्छता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व जल संसाधन समिति का सभापति, श्रीमती भुनेश्वरी देवांगन को महिला बाल विकास व समाज कल्याण समिति का सभापति और श्रीमती हेमलता मंडावी को वन व खनिज समिति के सभापति की जिम्मेदारी दी गई।

### शैलेंद्र को मिला वन समिति

इसी प्रकार जनपद पंचायत में सामान्य प्रशासन विभाग का पदेन सभापति अध्यक्ष श्रीमती डॉ राजेश्री त्रिपाठी और शिक्षा विभाग का पदेन सभापति उपाध्यक्ष लखनलाल साहू को बनाया गया जबकि शैलेन्द्र मिश्रा वन एवं खनिज विभाग, डीलेश्वरी साहू सहकारिता एवं उद्योग विभाग, दीक्षा पूर्णचंद गुप्ता महिला एवं बाल विकास विभाग, पुरुषोत्तम साहू संचार एवं सकर्म विभाग,श्रीमती लक्ष्मी वर्मा स्वास्थ्य स्वच्छता एवं जल संसाधन विभाग, कोमल वर्मा कृषि विभाग और किरण माणिकपूरी को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं राष्ट्रीय आजीविका मिशन विभाग का निर्विरोध सभापति चुना गया।


पेज 11 के शेष


### मनरेगा से जिले ने ...

उपलब्ध कराया गया। उन्होंने बताया कि जिले में 'हर हाथ को कम काम का वाजिब दाम' के कहावत को चरितार्थ करते हुए कुल 1052 दिव्यांग श्रमिकों को उनके आवश्यकता अनुरूप कार्य प्रदान करते हुए रोजगार उपलब्ध कराया गया है, जो कि प्रदेश में दिव्यांग श्रमिकों को रोजगार देने में आठवें पायदान पर है।

### 99.10 प्रतिशत मजदूरों को ...

प्रतिशत जिले में व्यय हुआ है, जो कि 100.58 प्रतिशत उपलब्धि हासिल करते हुए प्रदेश में पांचवा पायदान पर है। वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं पूर्व वर्षों के योजनांतर्गत स्वीकृत कार्यों में परिसंपत्तियों का सृजन करते हुए प्राथमिकता के साथ 91.04 प्रतिशत स्वीकृत कार्यों को समय–सीमा में पूर्ण कराया गया है, जो कि प्रदेश में तीसरे पायदान पर है। जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिकता के साथ समय–समय पर अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर हुए सामाजिक अंकेक्षण निकासी बैठक में पारित निर्णयों का प्रकरण वार निराकरण किया जाता है। जिसके परिणाम स्वरूप कुल प्रकरणों में से 80 प्रतिशत प्रकरण का निराकरण किया जा चुका है, जो कि प्रदेश में तीसरे पायदान पर है।


HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अर्जुनी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**बालोद/कलंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल ओटेबन्द के शक्ति केन्द्र सिरसिदा के अंतर्गत बूथ क्रमांक 217 ग्राम अर्जुनी में सेवा पखवाड़ा के तहत साफ सफ़ाई की गई। अर्जुनी से साजा मार्ग के किनारे पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर महामंत्री थानसिंह मंडावी, शक्ति केन्द्र संयोजक घनाराम साहू, बूथ अध्यक्ष मोहन लाल साहू, बूथ सचिव योगेश कुमार साहू, एमन कुमार साहू, कमलेश साहू, महेश्वरी साहू, धनेश्वरी साहू, द्रौपदी साहू, खिलेश्वरी साहू, कविता साहू, बिन्दु ठाकुर, राजवती साहू, पदमिनी साहू, कांति साहू उपस्थित थे।


### सुशासन तिहार के लिए नोडल अधिकारी बनाए गए जिपं सीईओ डॉ कन्नौजे

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आदेश जारी कर सुशासन तिहार 2025 के सफल आयोजन के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर एवं पंचायत विभाग के उप संचालक आकाश सोनी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### नगर देवांगन समाज की बैठक कल

**डौंडीलोहारा।** नगर देवांगन समाज की वार्षिक आमसभा व बैठक 11 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में रखी गई है। नगर देवांगन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार देवांगन एवं सचिव देवव्रत देवांगन ने सभी स्वजातीय बंधुओं एवं पदाधिकारियों से बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान सामाजिक एवं संगठन स्तर पर विभिन्न एजेंडों के अनुसार चर्चा की जाएगी।

### सुशासन तिहार को लेकर लोगों में दिख रहा उत्साह




**दल्लीराजहरा।** 8 अप्रैल से शुरू हुए सुशासन तिहार को लेकर पूरे प्रदेश के साथ-साथ दल्लीराजहरा शहर और इसके आसपास के क्षेत्रों में भी उत्सुकता का माहौल है। आम जनता विशेषकर सुदूर वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों में इस आयोजन को लेकर काफी उत्सुकता और आशा देखी जा रही है। दल्लीराजहरा नगरवासियों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन-प्रशासन के प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता लाने और शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान के पहले चरण के तहत आम नागरिक अपनी मांगों और शिकायतों दोनों प्रकार के आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, जिनका समाधान निर्धारित समयावधि में किया जाएगा। इससे न केवल जनता की समस्याओं का निराकरण संभव होगा, बल्कि शासन के प्रति जन विश्वास भी सुदृढ़ होगा। ग्रामीण, शहरी और वनांचल के नागरिकों का मानना है कि शासन-प्रशासन की तत्परता से उनके मुद्दों का समाधान समय पर हो सकेगा।

परिक्षेत्र साहू संघ भर्रीटोला द्वारा ग्राम सुरडोंगर में धूमधाम से मनाई गई भक्त माता कर्मा की जयंती

# माता भक्त कर्मा की जीवनी हम सभी को मार्गदर्शन प्रदान करता है : तारणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

जिले के डौण्डी तहसील अंतर्गत परिक्षेत्र साहू संघ भर्रीटोला के तत्वावधान में ग्राम सुरडोंगर में भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर थीं, अध्यक्षता तहसील साहू संघ के अध्यक्ष सोमेश साहू ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में परिक्षेत्र साहू संघ के अध्यक्ष अवस्था साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष टोमन साहू, जिला पंचायत सदस्य मिथलेश नुरेटी, जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, जनपद उपाध्यक्ष भोला राम नेताम आदि शामिल हुए। सर्वप्रथम साहू समाज द्वारा गाँव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। उसके बाद अतिथि आगमन पर सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया तथा भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर ने कहा कि माता भक्त कर्मा का जीवन हम सभी को मार्गदर्शन प्रदान करता है। माता कर्मा की जयंती के माध्यम से समाजिक एकजुटता बढ़ती है। इस आयोजन के माध्यम से समाज के जो लोग आगे बढ़े हैं, उन्हें सम्मानित कर प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि यह तो हमारा पुराना पैतृक गाँव है। अपने जिले के साथ ही पैतृक गाँव के विकास की चिंता भी हमें ही करनी है।



### रूढ़ीवादी विचारों और परंपराओं का परित्याग कर आगे बढ़ें : सोमेश

सोमेश साहू ने कहा कि समाज अच्छाईयों को अपनाए, बुराईयों का परित्याग करे। रूढ़ीवादी विचारों और परंपराओं का परित्याग कर आगे बढ़ें। जिला पंचायत उपाध्यक्ष टोमन साहू ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेकर समाज आगे बढ़ने का प्रयास करें। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्पेंद्र चंद्राकर ने अपने बचपन की यादों को साझा किया और कहा कि मेरा बचपन इस सुरडोंगर गाँव में बीता है। आठवीं तक की पढ़ाई भी इसी गाँव में हुई है। आज मुझे गर्व होता है कि इस मिट्टी से निकलकर राजनीति और समाजसेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ पाया हूँ। साहू समाज का हमेशा ही हमें आशीर्वाद मिलता रहा है। इस दौरान सरपंच तारा देवी दर्रो, जनपद सदस्य तुलेश्वर हिमाची, जनपद सदस्य रत्ना हिरवानी, उपसरपंच किशोर साहू, तोरण सिंह मरकाम, नकुल विश्वकर्मा, मदन साहू, कैलास साहू, भूवेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# शैलदेवी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कातरों में किए सामाजिक कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंडा

नेहरू युवा केंद्र दुर्ग के तत्वावधान में शैलदेवी महाविद्यालय अंडा के छात्र-छात्राओं के क्षेत्रीय कार्य का समापन ग्राम कातरों में हुआ। इस अवसर पर मुख्यअतिथि नितिन शर्मा जिला युवा अधिकारी दुर्ग थे, अध्यक्षता सरपंच जितेंद्र सोनी ने की।

विशेष अतिथि के रूप में डोमिन साहू रोजगार सहायक पुष्पलता साहू उपसरपंच आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव बताए कि अनेक जगह जाकर कार्य किए उससे उनको बहुत कुछ नया सीखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा ने कहा कि समाजकार्य में आगे जाने का बहुत अच्छा अवसर मिलता है और नौकरी की बहुत संभावनाएं हैं। समाजकार्य के विद्यार्थियों के अंदर मानवता की भावना निहित होनी चाहिए। वहीं, सरपंच जितेंद्र सोनी ने कहा कि जिस तहत से एक पानी जहाज समुद्र के किनारे ज्यादा सुरक्षित रहता है, लेकिन उसका मुख्य काम होता है एक देश से दूसरे देश तक लोगों को पहुंचना। ठीक उसी प्रकार समाज कार्य के माध्यम से देश और लोगों की सेवा कर सकते है, जिससे एक बेहतर समाज और देश का निर्माण होगा।

अंत में समाज कार्य के सहायक प्राध्यापक ढाल सिंह साहू ने कहा कि सभी विद्यार्थियों ने क्षेत्रीय कार्य में बहुत मेहनत की। निश्चित रूप से उन्हें इससे बहुत कुछ सीखने को मिला। इस अवसर द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# ग्राम सांगली व सनौद में शुरू हुई पानी की पाठशाला, बच्चों ने निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद



जिले में वर्षा जल संरक्षण एवं ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल को लगाने किसानों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बुधवार को उप संचालक कृषि गोविंद सिंह धुर्वे ने वाटरशेड यात्रा के प्रचार–प्रसार वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इसके साथ ही परियोजना क्षेत्र के ग्राम सांगली एवं सनौद में स्कूली बच्चों ने जल संरक्षण एवं संवर्धन के उपाय सुनिश्चित करने जागरूकता रैली निकाली।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी अशोक साहू तथा जनपद पंचायत सदस्य आशीष साहू ने पानी की पाठशाला कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के बलदेव अग्रवाल एवं नीतू सोनकर के द्वारा जल एवं मृदा संरक्षण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी सूर्यनारायण ताम्रकार ने वर्षा जल का संरक्षण कर समूचित उपयोग करने एवं ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन तिलहन फसलों को लगाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित भी किया। सहायक संचालक कृषि आशीष चंद्राकर ने जल संग्रहण के सिद्धांत के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, श्रम दान, चित्रकला, वृक्षारोपण कार्य किया गया, साथ ही वाटरशेड मार्गदर्शको को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



# ग्राम से बहिष्कृत करने का आरोप पीड़ित ने एसपी से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। लाटाबोड़

■ गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम भुसरेंगा का मामला

गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम भुसरेंगा के ग्रामीण योगेश्वर साहू ने बालोद पुलिस अधीक्षक क़ो बुधवार क़ो लिखित व 25 नामजाद ग्रामीणों की शिकायत कर न्याय दिलाने की माँग की है। उन्होंने ग्रामीण अध्यक्ष जीवन लाल साहू सहित उपाध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों द्वारा आर्थिक व सामाजिक रूप से ग्राम से बहिष्कृत करने का आरोप लगाया है।

योगेश्वर साहू पिता स्व. नेवेन्द्र कुमार साहू, उम्र 36 वर्ष ने बताया कि वे एवं उनके चाचा लक्ष्मण साहू पिता स्व. हेमनाथ साहू उम्र 50 वर्ष दोनों ग्राम भुसरेंगा तहसील गुण्डरदेही में सपरिवार निवास करते हैं। मेरे दादा स्व. हेमनाथ साहू विगत 35 वर्ष पूर्व से ग्राम भुसरेंगा में 7.5 डिसमिल घास भूमि पर मकान बनाकर रह रहे थे। तत्कालीन ग्राम पंचायत सियनमय द्वारा ग्राम पंचायत में प्रस्ताव पारित किया गया कि हेमनाथ साहू उक्त घास भूमि के बदले ग्राम पंचायत की अपनी खेती की 5 डिसमिल जमीन दान में देगा, जिसके बाद हमें उक्त घास भूमि पर मकान बनाकर निवास करने से कोई आपत्ति नहीं होगी। कुछ दिनों बाद ग्राम भुसरेंगा के लोगों ने बैठक में मेरे दादा से कहा कि आपको उक्त घास भूमि के बदले अपनी 30 डिसमिल कृषि भूमि को गांव में दान करनी पड़ेगी। इस बीच वर्ष 2002 में मेरे दादा जी की मृत्यु के बाद गांव वाले मेरे पिता व चाचा जी से 50 रूपए के स्टाम्प पेपर पर इकरारनामा करवा लिया। उसमें गवाह के रूप में ग्राम प्रमुखों द्वारा हस्ताक्षर किया गया है। लगातार 3 वर्षों तक ग्रामवासी 30 डिसमिल खेती भूमि को नीलाम कर धान की बुआई करते आ रहे हैं। उक्त भूमि के एवज में ग्रामवासी 30 डिसमिल खेती भूमि की मांग पर अड़े हुए हैं और जब तक 30 डिसमिल खेती भूमि ग्रामवासियों के नाम नहीं कर देते, तब तक गांव से बहिष्कृत रहने की बात कही गई है। इसके साथ ही आरोप लगाया कि है मेरे हिस्से के कच्चे मकान को तोड़कर नया मकान बनाने के बाद से ही उसे तोड़ने की बार-बार धमकी देते रहते हैं, जिससे मैं मानसिक व शारारिक रूप से परेशान हो गया हूं। उसके बाद ग्रामीणों ने 8 मई 2024 को बैठककर मुझे व मेरे चाचा जी के परिवार का बहिष्कार कर दिया और हमारे खेत में मजदूर आने, टैक्ट्र, हार्वेस्टर, खेती के लिये पानी देने से मना कर दिया गया। इसी तरह हमें किसी के द्वारा मजदूरी करने के लिये बुलाए जाने पर दण्डित किए जाने की बात भी कह दी गई है। प्रार्थी ने पुलिस अधीक्षक से ग्राम वासियों के बहिष्कार से मुक्ति दिलाने की मांग की है।

# शिविर में 51 लोगों ने किया रक्तदान

■ भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव पर जैन श्री संघ ने किया आयोजन

**डौंडीलोहारा।** नगर के जैन उपाश्रय प्रांगण में बुधवार को जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी के जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर जैन श्री संघ ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में महिलाओं एवं पुरूषों ने बढ़कर भाग लिया। राजनांदगांव के आशीर्वाद ब्लड बैंक की टीम ने कुशलता पूर्वक ब्लड डोनेशन केम्प में अपनी सेवाएं दी। कुल 51 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों को संघ ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। संघ ने लोगों को रक्तदान करने के फायदों के बारे में बताते हुए कहा कि रक्त अनमोल है। इससे पीड़ति व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। ब्लड डोनेशन कैम्प में हेल्प एंड सर्व फाउंडेशन के युवाओं का सराहनीय योगदान रहा। जन्मकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत नगर के गौशाला में गौमाता को चारा भी खिलाया गया। रात्रि में भगवान महावीर स्वामी जी के भक्ति गीतों की सुंदर प्रस्तुति नगर के उपाश्रय प्रांगण के समीप हुई देर तक लोग भक्ति गीतों में झूमते रहे।



# किसी भी कार्य में गुणवत्ता में कमी नहीं होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। डोंडी

■ जनपद सभागार डौंडी में विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

जनपद सीईओ हर ग्रामीण योजना का डिटेल में रिव्यू करें। ग्रामीण विकास में जुटे विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। इसके साथ ही विभागीय पूर्ण हुए निर्माण कार्य पंचायतों को सौंपे। ब्लॉक मे हों रहे लोन के नाम पर महिलाओ से ठगी के लिए विहान समूह महिलाओ से नियमित मेल जोल व सम्पर्क मे रहकर ठगी से बचने जागरूक करें, छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र पेंडिग न हों इसलिए सभी संबंधित विभागों में तालमेल रख निराकरण करें। इसे कैटेगरी वाइस निराकरण करना सुनिश्चित करें। संबंधित विभाग इस कार्य को प्राथमिकता देवें।

स्वास्थ्य विभाग अपने कार्यों मे गति लाएं, लोगों के बीच सरकारी अस्पताल के प्रति भरोसा बढ़े इस कदम की ओर अधिकारी अपनी जिमेवारी तय करें। उक्त निर्देश कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने बुधवार को जनपद सभागार डौंडी में आयोजित विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक में उपस्थित जनपद सीईओ सहित संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में एसडीएम कंवर भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश की कार्य पूर्ण होने के पश्चात हैंडओवर करने की दिशा में पहले गुणवत्ता की ध्यान रखा जाए। कहीं भी किसी कार्य में गुणवत्ता में कमी नहीं होनी चाहिए।

पीएचई विभाग ध्यान रखें कही कोई पाइप लाइन टूटी हुई न रहे और पंचायत अपने चल रहे कार्यों में देखे कि कही पाइप लाइन डेमेज न हो। उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलमीत्रो को इक्यूपमेंट दिलाएं साथ ही उनकी बैठक भी आयोजित करे। जलप्रदाय योजना के अंतर्गत लाभान्वित ग्रामों का रिव्यू करे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पानी की प्रतिपूर्ति के लिए संबंधित गांव के लोगों को जानकारी रहे। उन्हें पता रहे कि उन्हें किस दिन पानी उपलब्ध होगा। शासकीय भवनों में भी पानी की आपूर्ति रहे। सामुदायिक स्वच्छता परिसरों में भी पानी की आपूर्ति रखें। लाभान्वित हितग्राहियों की सफलता की कहानियां जारी करें। इसके अलावा कही डगवेल और सम्पवेल की आवश्यकता हो तो उसकी डिमांड रिपोर्ट भेजे। इसके अलावा धरती आभा योजना के अंतर्गत भी कार्य करना सुनिश्चित करे। साथ ही पीएचई विभाग, और विद्युत विभाग आपसी समन्वय कर एक हफ्ते में रिपोर्ट प्रस्तुत करें कि कैसे सभी जगह जल की निर्बाध आपूर्ति की जा सके।



### डौंडी विकासखंड में जारी कार्यों की प्रगति की समीक्षा

कलेक्टर चंद्रवाल ने डौंडी विकासखंड में जारी कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को प्रगति और योजनाओं की प्रभावशीलता के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में डौंडी विकासखंड में चल रही योजनाओं जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि, और बुनियादी ढांचे पर विशेष जोर दिया। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का समाधान निकालने और निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही बैठक में सड़कों, जल आपूर्ति, और विद्युत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि डौंडी विकासखंड के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में तहसीलदार देवेंद्र नेताम, नायब तहसीलदार रूद्र, जनपद सीईओ डीडी मडले, एसडीओ जेपी चंद्राकर, मनरेगा पीओ श्री वर्मा, विद्युत विभाग के एई रामचंद्र साहू, बीईओ जेएस भरद्वाज, एस भीमटे, पवन यदु, डॉ विजय ठाकुर, एसके ठाकुर, नितिन ठाकुर, रेंजर जीवन लाल भोलेडकर, सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# दुनियाभर के 108 देशों में एक साथ गूंजा विश्व नवकार महामंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶। डौंडीलोहारा

■ नगर के ओसवाल भवन में बुधवार को हुआ कार्यक्रम

विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर नगर के ओसवाल भवन में बुधवार को सुबह 8.01 से 9.36 बजे तक नवकार महामंत्र का जाप का कार्यक्रम नगर के जैन समाज द्वारा रखा गया। इस अवसर पर जैन समाज के अलावा दूसरे समाज के लोग महामंत्र जाप में शामिल हुए। जैन समाज के लोगों ने बताया कि नवकार महामंत्र के पावन दिवस के सुअवसर पर 108 देशों में एक साथ जैन धर्म का सबसे पवित्र मंत्र गूंजा। पूरी दुनिया में 9 अप्रैल को एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक दिन का साक्षी बना। लाखों लोग नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप में शामिल हुए। संघ के दिनेश लोढा ने बताया कि जीतो संगठन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्व में शांति और सद्भाव का संदेश फैलाना है। इस अनूठे आयोजन में 108 देशों के लोगों ने भाग लिया व इस पवित्र व पावन मंत्र का एक स्वर व एक साथ जाप किया। नगर में आयोजित कार्यक्रम में चार साल के बच्चों से लेकर अस्सी वर्ष के बुजुर्ग सहित युवक-युवती, महिला-पुरुषों ने बढ़कर भाग लिया। भारत समेत दुनियाभर में अनेक अनुष्ठान हुए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण 6000 से अधिक देरासर, उपाश्रय और विभिन्न स्थानों से किया गया।



### आत्मशुद्धि, मानसिक शांति और अहिंसा का संदेश देता है नवकार महामंत्र

संघ के अध्यक्ष ताराचंद लोढा ने बताया कि नवकार महामंत्र जैन धर्म का सर्वाधिक पवित्र मंत्र है। यह आत्मशुद्धि, मानसिक शांति और अहिंसा का संदेश देता है। संघ के सचिव अनोप भन्साली व कोषाध्यक्ष प्रेमचंद भन्साली ने बताया कि नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप विश्व में सकारात्मकता और एकता का संदेश फैलाएगा। यह मंत्र व्यक्ति को तनावमुक्त कर सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है। यह शांति, करुणा और सद्भाव का संदेश देता है, जो संपूर्ण मानवता के लिए प्रासंगिक है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

जलने के बाद
पुन :निर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच
01 जुलाई से 11 जुलाई, 15 जुलाई से 25 जुलाई, 27 जुलाई से 06 अगस्त 2025(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411